Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

शादुसं : दुग्ध दिवस : 4632 दिनांक : 17/11/25

## भोजन व्यवस्था हेतु निविदा सूचना

शाहबाद दुग्ध संघ आरा, द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को पशु आहार सयंत्र, बिहियां में स्थापना सह दुग्ध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम में लगभग 4500 प्रतिभागी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों के चाय - नास्ते एवं भोजन की व्यवस्था की जानी है। अतः टेंट हाउस / हलवाई / कैटरिंग सेवा प्रदाता से पशु आहार सयंत्र, बिहियां में चाय - नास्ते एवं भोजन को तैयार कर परोसने हेतु न्यूनतम मूल्य पर विस्तृत कोटेशन आमंत्रित किये जाते है।

| क्रम सं | विवरणी | मेनू |
|---|---|---|
| 1. | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 की सुबह में 150 कर्मियों के लिए नास्ता<br>समय – प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक | कचौरी, सब्जी, दो पीस जलेबी |
| 2. | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को 4500 आगंतुको के लिए चाय - नास्ता<br>समय – प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक | काफी, वेज पकोड़ा |
| 3. | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को 4500 आगंतुको के लिए भोजन<br>समय – प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक | सादा कचौरी, तड़का ( मूंग + चना दाल), पनीर बटर मसाला, मिक्स सब्जी, जीरा राइस, पापड़, सलाद, अचार, गुलाब जामुन – एक पीस, रसगुल्ला -- एक पीस, दही |

कार्यों का ब्यौरा तथा अन्य विवरणी हेतु निविदा प्रपत्र 500 / - (पाँच सौ) रू० + 18 % जी०एस०टी० अतिरिक्त नगद भुगतान कर दिनांक **17.11.2025** से दिनांक **27.11.2025** के बीच किसी भी कार्य दिवस को 3.00 बजे अपराह्न तक आरा डेयरी के रोकड़ शाखा से अथवा हमारी वेब साईट www.smusudhaara.com पर प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 21.11.2025 को आयोजित प्री-बिड मीटिंग में भाग ले सकते है एवं निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजो के साथ हाथो हाथ, कूरियर अथवा निबंधित डाक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भेजा जा सकता है। निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक **27.11.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक निर्धारित है। ससमय प्राप्त निविदाओ को दिनांक **28.11.2025** के पूर्वाहन **11.00** बजे खोला जायेगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्राप्त किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

17/11/25
**प्रबन्ध निदेशक**

प्रतिलिपिः
सभी शाखा / इकाई प्रभारी, शादुसं, आरा

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

## भोजन व्यवस्था हेतु निविदा कार्यक्रम की सूची

| क्रम संख्या | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक **17.11.2025** |
| 2. | निविदा प्रपत्र की बिक्री आरम्भ की तिथि | दिनांक **18.11.2025** |
| 3. | प्री-बीड बैठक की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक **21.11.2025,** आरा डेयरी सभागार, पूर्वाहन **11.30** बजे |
| 4. | निविदा प्रपत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक **27.11.2025** के 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5. | निविदा खुलने की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक **28.11.2025**, आरा डेयरी सभागार, पूर्वाहन **11.00** बजे |
| 6. | निविदा भेजने का पता | प्रबन्ध निदेशक<br>शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा डेयरी, कतीरा, आरा - 802301 |
| 7. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू० 500/- GST अतिरिक्त ( वापसीयोग्य नहीं) |
| 8. | अग्रधन की राशि | रू० 10,000/- |

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

**प्री-क्वालिफिकेशन निविदा के मुख्य शर्तें:-**

1. इसमें अनुभव, दक्षता आदि के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इन सूचनाओं के आधार पर मात्र योग्य पाये गये निविदादाताओं को ही वित्तिय निविदा -लिफाफा सं° )02) खोली जायेगी।
2. निविदादाता के पास फर्म के नाम से बैंक एकाउंट , तथा GST नंबर होना अनिवार्य है।
3. निविदादाता को न्यूनतम 1000 व्यक्तियों के लिये भोजन बनाने एवं परोसने का अनुभव होना चाहिए। निविदादाता को इस आशय का प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न नहीं माना जायेगा।
5. खाद्य विभाग का खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अधीन FSSAI लाईसेंस धारक निविदादाताओं को वरीयता प्रदान की जायेगी , जिसकी छायाप्रति संलग्न की जाय ।
6. बोलीदाता को स्वघोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उसके परिवार का कोई भी सदस्य कॉम्फेड या उसके - है जो निविदा प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इकाइयों में काम नहीं कर रहा/संघ
7. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी। प्रपत्र का मूल्य रू0 590/-(रुपये पांच सौ नब्बे मात्र ) है, जो वापसी योग्य नहीं है।
8. अग्रधन पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
9. निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि निविदादाता कार्य करने से मना करने पर उनकी अग्रधन राशि जब्त करी ली जायेगी।
10. यदि निविदा की शर्तों एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना संघ की वेबसाईट www.smusudhaara.com पर दी जायेगी।

निविदा जमा करने के पूर्व भोजन बनाने एवं खिलाने के स्थल का निरीक्षण:-

निविदादाता निविदा जमा करने के पूर्व शाहाबाद दुग्ध संघ, के अंतर्गत पशु आहार सयंत्र , बिहियां में उपलब्ध कार्य-स्थल को देख सकते हैं तथा उसी उपलब्ध स्थल में ही सभी समुचित व्यवस्था करनी होगी। पशु आहार सयंत्र , बिहियां स्थित कार्य-स्थल देखने के लिए मुख्य कार्यपालक, पशु आहार सयंत्र , बिहियां से संपर्क किया जा सकता है।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

## प्री-क्वालिफिकेशन निविदा के मुख्य शर्तें:-

1. इसमें अनुभव, दक्षता आदि के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इन सूचनाओं के आधार पर मात्र योग्य पाये गये निविदादाताओं को ही वित्तिय निविदा -लिफाफा सं° )02) खोली जायेगी।
2. निविदादाता के पास फर्म के नाम से बैंक एकाउंट , तथा GST नंबर होना अनिवार्य है ।
3. निविदादाता को न्यूनतम 1000 व्यक्तियों के लिये भोजन बनाने एवं परोसने का अनुभव होना चाहिए। निविदादाता को इस आशय का प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न नहीं माना जायेगा।
5. खाद्य विभाग का खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अधीन FSSAI लाईसेंस धारक निविदादाताओं को वरीयता प्रदान की जायेगी , जिसकी छायाप्रति संलग्न की जाय ।
6. बोलीदाता को स्वघोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उसके परिवार का कोई भी सदस्य कॉम्फेड या उसके - है जो निविदा प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इकाइयों में काम नहीं कर रहा/संघ
7. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी। प्रपत्र का मूल्य रू0 590/-(रुपये पांच सौ नब्बे मात्र ) है, जो वापसी योग्य नहीं है ।
8. अग्रधन पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
9. निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि निविदादाता कार्य करने से मना करने पर उनकी अग्रधन राशि जब्त करी ली जायेगी।
10. यदि निविदा की शर्तों एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना संघ की वेबसाईट www.smusudhaara.com पर दी जायेगी।

निविदा जमा करने के पूर्व भोजन बनाने एवं खिलाने के स्थल का निरीक्षण:-

निविदादाता निविदा जमा करने के पूर्व शाहाबाद दुग्ध संघ, के अंतर्गत पशु आहार सयंत्र , बिहियां में उपलब्ध कार्य-स्थल को देख सकते हैं तथा उसी उपलब्ध स्थल में ही सभी समुचित व्यवस्था करनी होगी। पशु आहार सयंत्र , बिहियां स्थित कार्य-स्थल देखने के लिए मुख्य कार्यपालक, पशु आहार सयंत्र , बिहियां से संपर्क किया जा सकता है।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

नियम एवं शर्तें।

1. यह निविदा अहस्तांतरणीय है। सफल निविदाकर्ता द्वारा नियम एवं शर्तों के उल्लंघन पर अग्रधन की राशि को जब्त किया जा सकेगा।
2. टेंट हाउस, कैटरिंग सेवा प्रदाता /हलवाई को पशु आहार सयंत्र, बिहियां में अपनी टीम के साथ उपस्थित रहकर भोजन तैयार कर परोसना होगा।
3. खाद्य सामग्री बनाने के लिए ब्रान्डेड एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों का उपयोग करना होगा । दूध एवं दुग्ध उत्पाद सिर्फ सुधा ब्रांड का प्रयोग करना होगा।
4. खाद्य सामग्री परोसने के लिए कम से कम 10 काउंटर की व्यवस्था करनी होगी, जिसमे पुरुष आगन्तुको के लिए 8 काउंटर एवं महिला आगंतुको के लिए 2 काउंटर रहेगा । चाय - नास्ता एवं पीने वाले पानी के लिए अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था करनी होगी।
5. **सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्री ताजी एवं गर्म परोसे जाने की व्यवस्था करनी होगी ।**
6. भोजन में अतिथियों की संख्या में कमी / बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिसके लिए पर्याप्त व्यवस्था रखेगे । किसी भी परिस्थिति में भोजन घटना नहीं चाहिए।
7. अतिथियों की संख्या में 10 प्रतिशत तक की कमी / बढ़ोत्तरी पर किसी प्रकार कटौती या अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा , यदपि अतिथियों की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने पर विपत्र का भुगतान कूपन गणना के वास्तविक आधार पर किया जायेगा।
8. नास्ता एवं भोजन हेतु कर्मियों तथा अतिथियों को भोजन कूपन उपलब्ध कराये जायेंगे । नास्ता एवं भोजन परोसते समय कैटरर के प्रतिनिधि कूपन प्राप्त कर लेंगे । एकत्र किये गए कूपनो को विपत्र के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करेंगे।
9. खाद्य सामग्री बनाने एवं परोसने में बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जाएगा।
10. भोजन को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त वातावरण तथा साफसुथरे-, आधुनिक उपकरणों एव बर्तनों का उपयोग करते हुए तैयार किया जायेगा। इस कार्य को करने वाले वाले सभी कर्मियों/व्यक्तियों को स्वस्थ होना चाहिए। वे साफ कपड़े पहन कर ही काम करेंगे तथा खाना परोसेंगे।
11. खाद्य सामग्री बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों या बर्त्तनों की सफाई के लिए पानी, पीने का पानी एवं बिजली कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। जिसका कोई शुल्क देय नहीं होगा। खाद्य सामग्री बनाने में व्यवसायिक गैस सिलेण्डर का उपयोग करना होगा। बिजली से खाना बनाना निषेध होगा।
12. खाद्य सामग्री बनाने के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने (चोरी, आग लगने, बिजली का झटका इत्यादि) से होने वाले क्षति की जवाबदेही ठेकेदार को स्वयं वहन करना होगा एवं इस प्रकरण में कार्यालय की कोई जवाबदेही नहीं होगी। कर्मियों के साथ हुई किसी प्रकार की दुघर्टना के लिए शाहाबाद दुग्ध संघ जिम्मेदार नहीं होगा।
13. खाद्य सामग्री गुणवत्ता युक्त प्रदाय नहीं करने पर देय विपत्र में से 5% से 10% तक की कटौती कर ली जायेगी।
14. कार्यक्रम स्थल के अंदर किसी भी मादक पदार्थों अथवा द्रव्यों / धूम्रपान (पान, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि) का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
15. जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी अग्रधन की राशि लौटा दी जायेगी । स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई सुरक्षा निधि राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

16. निविदादाताओ द्वारा प्रस्तुत दर की तुलना सकल दर के आधार पर किया जायेगा। निविदादाताओ द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर संघ स्वविवेक से पैरामीटर क्रिया निर्धारित कर सफलप्र/निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।
17. निविदा पूर्ण या आंशिक रुप से स्वीकृतअस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त / अधिकार प्रबंध निदेशक शाहाबाद करने का पूर्ण दुग्ध संघ, आरा के पास सुरक्षित रहेगा।
18. यदि संस्था/ठेकेदार एवं दुग्ध संघ के बीच किसी तरह का विवाद उत्पन्न होने पर प्रबंध निदेशक, शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा आर्बिट्रेटर होंगे तथा उनका निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

17/11/25
प्रबंध निदेशक

शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

**प्रपत्र - 01**

**प्री-क्वालिफिकेशन निविदा:-**

1. संस्था /संवेदक का नाम :-
2. संस्था /संवेदक का पता :-
(ईमेल एवं मोबाइल नंबर के साथ)

3. पैन कार्ड सं॰ :-
4. आधार कार्ड सं॰ :-
5. GST नंबर :-
6. न्यूनतम अनुभव का प्रमाण :-
7. फर्म के नाम से बैंक एकाउंट की विवरणी :-
8. FSSAI लाईसेन्स विवरणी :-
9. निविदादाता की स्वघोषणा कि उनके परिवार का कोई सदस्य कॉम्फेड अथवा कॉम्फेड से सम्बद्ध संघो / इकाईयों में कार्यरत नहीं है।
10. मनी रिसीट / बैंक ड्राफ्ट की विवरणी :-

| | मनी रिसीट / डिमांड ड्राफ्ट संख्या | जारी होने की तारीख | जारीकर्ता बैंक का नाम |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.590/- | | | |
| अग्रधन की राशि रु.10,000/ | | | |

मै घोषित करता हूं कि निविदा प्रपत्र में मेरे द्वारा अंकित जानकारी सत्य है एवं इसकी सभी नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है ।

निविदाकर्ता का नाम
हस्ताक्षर एवं मुहर

नोट - इसके साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि संलग्न कर एक छोटे लिफाफा में डालकर मुहरबंद करें, जिसपर लिफाफा सं॰- 01 तथा "प्री-क्वालिफिकेशन निविदा" लिखा रहे।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

**प्रपत्र - 02**

**वित्तीय निविदा:-**

1. संस्था /संवेदक का नाम :-

2. संस्था /संवेदक का पता :-

**भोजन बनाने एवं परोसने की व्यवस्था हेतु उद्धत दर :**

| क्रम सं | विवरणी | निविदादाता द्वारा प्रति व्यक्ति दर अंकित की जाय | |
|---|---|---|---|
| | | **दर प्रति व्यक्ति** | **कुल राशि की गणना (आगंतुको की संख्या X दर प्रति व्यक्ति )** |
| **1.** | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 की सुबह में 150 कर्मियों के लिए नास्ता | | |
| **2.** | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को 4500 आगंतुको के लिए चाय - नास्ता | | |
| **3.** | दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को 4500 आगंतुको के लिए भोजन | | |
| **4.** | **क्रम संख्या 1 से 3 तक का योग** | | |
| **5.** | **GST की राशि** | | |
| | **कुल सकल दर (क्रम संख्या 4 से 5 तक का योग )** | | |

**नोट : भोजन बनाने एवं परोसने में उपयोग होने वाले उपकरणों या बर्त्तनों गैस सिलेंडर तथा चाय नाश्ता, बुफ़े, ब्रेकफास्ट, लंच, आदि के लिए हॉट केस, क्राकरी, कॉच के गिलास, टी सेट,कटलरी,पेपर नेपकिन, डिस्पोजल प्लेट, कटोरी, ग्लास, चम्मच तथा आवश्यक संख्या में वर्दीधारी वेटरों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जाएगी । प्रस्तुत कोटेसन में उपरोक्त व्यय को जोड़कर दर अंकित की जाय।**

निविदाकर्ता का नाम
हस्ताक्षर एवं मुहर

नोट - प्रपत्र संख्या- 02 को पूरी तरह भरकर दूसरे छोटे लिफाफा में डालकर मुहरबंद करें। दोनों लिफाफा को एक बड़े मुहरबंद लिफाफा में भेजा जाय, जिसके उपर भोजन व्यवस्था हेतु निविदा लिखा रहे।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

## स्व-घोषणा प्रपत्र का प्रारूप

मैं, श्री/श्रीमती ............................................................................ फर्म का प्रबंध निदेशक/स्वामी (आदि), ......................................................................... (फर्म का नाम)

(पता) ............................................................ डाकघर ............................................................ पीएस ....................................जिला .................................................. एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ और निम्नलिखित घोषणा करता/करती हूँ:

1. कि मेरे परिवार का कोई सदस्य कॉम्फेड अथवा कॉम्फेड से सम्बद्ध संघो / इकाईयों में कार्यरत नहीं है।

2. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि बाद में कोई भी जानकारी गलत या मिथ्या पाई जाती है, तो मेरे द्वारा प्रस्तुत कोटेशन स्वतः ही रद्द हो जाएगा और देश के कानून के अनुसार मुझ पर दंडात्मक/कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

3. मैं यह भी पुष्टि करता/करती हूँ कि इस कोटेशन में मेरे द्वारा दिए गए कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं और संलग्न सभी दस्तावेज वास्तविक एवं सही हैं।

निविदाकर्ता का नाम
हस्ताक्षर एवं मुहर